Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to give GST compensation to the Government of Chhattisgarh.

श्री दीपक बैज (बस्तर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार जान-बूझकर छत्तीसगढ़ राज्य के हक की जीएसटी की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं कर रही है। वर्तमान समय में कोविड-19 की महामारी के कारण राज्यों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। उनकी आय के साधन अप्रत्यक्ष करों को जीएसटी में समाहित करने से राज्य के किसान, मजदूर और बेरोजगारों के विकास हेतु संसाधन उपलब्ध कराना मुश्किल हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के 2,824 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि केन्द्र सरकार के समक्ष विगत पांच माह से लंबित है। केन्द्र सरकार के द्वारा वित्तीय संस्थानों से महंगी दरों पर ऋण लेने की सलाह दी जा रही है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे यह आग्रह है कि केन्द्र सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ की जीएसटी की राशि का तत्काल भुगतान कराया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री दीपक बैज द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री किशन कपूर जी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री अजय कुमार मंडल – उपस्थित नहीं।

कई माननीय सदस्य राज्य सभा में भी बैठे हैं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अभी लिस्ट में लिखे हुए सदस्यों के नाम लिए जा रहे हैं। आप अपने हाथ मत खड़े कीजिए। पहले लिस्ट पूरी हो जाने दीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री किशन कपूर जी ।

…(व्यवधान)